## एक नजर में



### नगर विकास आवास मंत्री को ज्ञापन दिया

**उज्जैन।** राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी का सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उज्जैन आगमन हुआ। उज्जैन आगमन के दौरान राज्य मंत्री ने बाबा महाकाल के दर्शन किए और आशीर्वाद प्राप्त जिसके बाद बागरी समाज की पांडव पंचमी की कलश यात्रा में शामिल हुई। उज्जैन आगमन के दौरान इंदौर रोड स्थित सर्किट हाउस पर अजाक्स ने 13 सूत्री मांगों को लेकर राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी का अभिनंदन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। इस दौरान अजाक्स के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे। अजाक्स के सम्भाग अध्यक्ष जगन्नाथ बागड़ी ने जानकारी देते हुए बताया कि अजाक्स मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति/जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी लंबे समय से अपनी मांग कर रहे हैं पर सरकार की ओर से कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ज्ञापन में प्रमुख मांग है की पदोन्नति में आरक्षण हेतु श्री मनोज गोरकेला पेशल कौसिल मध्यप्रदेश द्वारा तैयार पदोन्नति नियम को शीघ्र लागू किया जावे, मध्यप्रदेश की वर्तमान स्थिति में बैकलांग के लगभग एक लाख से अधिक रिक्त पदों की समय सीमा में आवेदन पत्र आमंत्रित कर वाक-इन-इंटरव्यू के माध्यम से पूर्ति की जाये, मध्यप्रदेश न्यायिक सेवाओं में सिविल जजों की भर्ती में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिये आयोग के माध्यम से की जाए एवं न्यायिक सेवा सिविल जजों की भर्तियां मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से की जाए, न्यायिक सेवा ने साक्षारत्कार प्रक्रिया को समाप्त किया जाए, साक्षात्कार के अधिकतम 10 प्रतिशत अंक निर्धारित किया जाकर प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जाए तथा साक्षात्कार में न्यूनतम अंक प्राप्त करने की शर्त खत्म की जावे। उच्च पदों का प्रभार वरिष्ठता के आधार पर दिया जावे जिसमें आरक्षण रोस्टर का पालन सुनिश्चित किया जाए। तथा सभी मांगों पर ध्यान देकर जल्द से जल्द पुरी की जाए। इस मौके पर सम्भागीय सचिव डॉ. जीवन सिंह सोलंकी, एनपी मालवीय, अंबाराम मालवी, रतन गोयल, बी एल पंवार, विक्रम सिंह परमार, पीरू लाल मालवी, मदन लाल चौहान, सेवा राम मालवीय, एन एल चौहान, हेमराज गोखले, केशर देवी, प्रोफेसर एस के पीपरा प्रमोद, कुमार मालवीय आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।



### सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

**उज्जैन।** क्षत्रिय मेवाड़ा कुमावत समाज जयसिंहपुरा के तत्वावधान में आयोजित भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव एवं 7 दिवसीय श्रीमद भागवत कथा महामंडलेश्वर ज्ञान दासजी महाराज दादू आश्रम उज्जैन के आशीर्वाद के साथ कथावाचक साध्वी मुरलीका देवी की वरद उपस्थिति में मातृ शक्ति द्वारा भव्य कलश यात्रा निकालकर शुभारंभ किया गया। बसंत दौराया जिला अध्यक्ष ने बताया कि वरिष्ठ पत्रकार स्व. मनोहरलाल कुमावत जागृति पत्रिका के महत्वपूर्ण योगदान के कारण आज यह क्षत्रिय मेवाड़ा कुमावत समाज जयसिंहपुरा के लिए स्वर्णीम पल आया है जहां एक ओर भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य कार्यक्रम सम्पन्न होने जा रहा है इसी क्रम में आज मातृशक्ति एवं समाजजनों द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम के मुख्य यजमान बाबूलाल घोड़ेला, उर्मिला घोड़ेला एवं पुत्र मनोज घोड़ेला अरण्डिया के साथ इस अवसर पर सत्यनारायण लाडना समाज अध्यक्ष, महेश दौराया, सुरेश मांडीवाल, जितेन्द्र डुंगरवाल, सुर्यकुमार ओसतवाल, मोहनलाल देतवाल, रूपनारायण लाडना, जगदीश मुण्डेल, धर्मेन्द्र बोरा, नरेन्द्र देतवाल, बलराम सर्वा, प्रेम नारायण बोरा, रामनारायण देतवाल, केदार मालीवाल, मदनलाल रेणीवाल, दिनेश लाडना, लक्ष्मण बोरा, राजेश देतवाल, विनोद धनारिया, कैदार मालीवाल, सन्तोष पाडलीया दिलीप देवाल, योगेश देतवाल, वासुदेव नागोरा सहित जयसिंहपुरा कुमावत समाजजन उपस्थित रहे। कलश यात्रा के दौरान समाजजनों ने पुष्प वर्षा की।




### माहेश्वरी सभा का अन्नकूट संपन्न

**उज्जैन।** दीपावली के पुनीत पावन पर्व के उपरांत माहेश्वरी सभा एवं माहेश्वरी समाज उज्जैन का संयुक्त दीपावली मिलन समारोह एवं भगवान चारभुजा नाथ जी के मंदिर, माहेश्वरी धर्मशाला उज्जैन में अन्नकूट प्रसादी का आयोजन संपन्न हुआ इस आयोजन में उज्जैन में निवासरत माहेश्वरी समाज के 1000 से अधिक समाजबंधुओं ने सहभागिता दर्ज कर प्रसादी का लाभ अर्जित किया। इस अवसर पर उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, सराफा बीजेपी मड़ल के अध्यक्ष अजय तिवारी विशेष तौर पर आमंत्रित थे। विधायक जैन ने सभी समाजजनों को दीपावली की बधाई शुभकामनाए दी। इस अवसर पर कैलाश राठी, वीरेन्द्र गट्टानी, राधेश्याम चोखड़ा, कैलाश चंद्र जैथलिया, लक्ष्मीनारायण मूंदड़ा, भूपेन्द्र भूतड़ा, राजकुमार भूतड़ा, मनसुख लाल झंवर, आंनद राठी, महेश जावधिया, सुनील बागड़, प्रकाश चन्द्र सोडानी, अतुल देवपुरा, संगीता भूतड़ा, पायल भूतड़ा आदि पदाधिकारी गण विशेष रूप से मौजूद थे।



### बालाजी महाराज को लगा 56 भोग


**उज्जैन।** श्री महर्षि गौतम गुर्जर गौड़ ब्राह्मण न्यास उर्दू पुरा उज्जैन के समाज जनों ने उर्दू पुरा स्थित गौतम पैलेस पर बालाजी महाराज के चरणों में छप्पन भोग अर्पित कर अन्नकूट महोत्सव मनाया। इस अवसर पर बालाजी एवं महर्षि गौतम की आरती के बाद समाज की प्रतिभाओं एवं वरिष्ठ जनों का सम्मान भी किया गया। जानकारी समाज के अध्यक्ष पं.विजय शर्मा ने दी।

# सीएम के गृह क्षेत्र खजूरवाली वाली मस्जिद से केडी गेट तक सड़क चौड़ीकरण शुरू

## जूना सोमवारिया होते हुए बड़ा पुल पहुंचेगा चौड़ीकरण कार्य, 31 करोड़ की लागत रखी गई, सिंहस्थ की दृष्टि से यह है महत्वपूर्ण मार्ग





**उज्जैन। जिस क्षेत्र में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रहते हैं वहां अब चौड़ीकरण पहुंच गया है। आवासीय व्यवसायिक और धार्मिक स्थलों को भी चौड़ीकरण की जद में लिया गया है और रविवार से नगर निगम ने यह कार्य प्रारंभ कर दिया है। कई लोग स्वयं के हाथों से अपने आशियाने हटा रहे हैं ताकि विकास में कोई बाधा उत्पन्न हो।**

महाकुंभ 2028 के तहत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के गृह नगर में सिंहस्थ-2028 के मद्देनज़र चौड़ीकरण सौन्दर्यीकरण विकास कार्य युद्ध स्तर पर प्रारंभ हो गए हैं। खजूरवाली मस्जिद से चौड़ीकरण नगर निगम ने प्रारंभ कर दिया है, जो केडी गेट तक पहुंच गया है।

उज्जैन नगर निगम ने चौड़ीकरण की जद में आ रहे मकान, दुकान और कुछ धार्मिक स्थलों को हटाया जा रहा है। मुख्यमंत्री के गृह नगर में भी इस तरह की कार्रवाई से यह संदेश गया है कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। कई जगहों पर प्रभावित लोग प्रशासन के सहयोग से स्वेच्छा से भी अपनी संरचनाएं हटा रहे हैं।

### महाकाल मंदिर और नदी तक जाने के लिए सुलभ मार्ग

उज्जैन में सिंहस्थ-2028 के दौरान करोड़ों श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। ऐसे में शहर के तंग और पुराने मार्गों का चौड़ा होना अत्यंत आवश्यक है। यह मार्ग चौड़ीकरण न केवल महाकाल लोक और मंदिर तक पहुंच को सुगम बनाएगा। बल्कि शहर के समग्र विकास और यातायात के दबाव को कम करने में भी सहायक होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर यह कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है, ताकि तय समय सीमा में शहर को सिंहस्थ के लिए तैयार किया जा सके। स्थानीय निवासियों को उम्मीद है कि इस कार्य के पूरा होने के बाद उज्जैन को एक नया, आधुनिक और भव्य स्वरूप मिलेगा। पिछले सिंहस्थ से ही इस क्षेत्र को चौड़ा करने की मांग उठती रही है इस क्षेत्र में तंग गलियां है, ट्रैफिक जाम होना यहां पर आम समस्या है स्कूल बस और लोकल परिवहन के साधन ऑटो मैजिक ई रिक्शा आए दिन आपस में उलझते रहते हैं आम जनता, बाहर से आए श्रद्धालु, स्कूल बस सभी यहां पर जाम की वजह से परेशान होते हैं। कई बार एंबुलेंस भी फंस जाती है ऐसे में अब जिस प्रकार से चौड़ीकरण का कार्य प्रारंभ हो गया है ऐसे में विकास की उम्मीद जाग गई है।

### सीएम के गृह क्षेत्र में होगा सड़क का 31 करोड़ से चौड़ीकरण

धर्मनगरी उज्जैन में आगामी सिंहस्थ-2028 की तैयारियों को गति देते हुए, शहर के महत्वपूर्ण मार्ग के चौड़ीकरण का कार्य प्रारंभ हो चुका है। यह विकास कार्य मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के गृह क्षेत्र को कवर करता है, जो शहर के हृदय स्थल से गुजरता है। लगभग 31 करोड़ रुपए की लागत से होने वाला यह चौड़ीकरण श्रद्धालुओं और स्थानीय निवासियों को बड़ी राहत प्रदान करेगा। जिससे यातायात जाम से तो राहत मिलेगी ही सिंहस्था में भी उपयोगी साबित होगी। यह महात्वाकांक्षी चौड़ीकरण गाड़ी अड्डा चौराहे से शुरू हुआ है और कोयला फाटक, वीडी क्लॉथ मार्केट, तेलीवाड़ा होते हुए खजूरवाली मस्जिद से केडी गेट तक आगे बढ़ रहा है। यह चौड़ीकरण जूना सोमवारिया से होते हुए बड़े पुल तक जाएगा। यह मार्ग सिंहस्थ के दौरान महाकाल मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए एक मुख्य कॉरिडोर का काम करेगा। यूं तो मार्ग की संभावित चौड़ाई 18 मीटर बताई गई है। बावजूद इसके जरूरत के हिसाब से कहीं ज्यादा तो कहीं कम भी चौड़ाई रखी गई है। सिंहस्थ-2028 में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए सुलभ और बेहतर यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह चौड़ीकरण किया जा रहा है।

# बिजली कंपनी के अधिकारी ने पुलिसकर्मियों से की अभद्रता

## आरक्षक को मारी टक्कर, थाना प्रभारी की पकड़ी कॉलर

**उज्जैन। आगर रोड पर शनिवार रविवार रात वाहन चैकिंग टीम में शामिल आरक्षक को कार चालक ने टक्कर मार दी पुलिस ने उसे पकड़ा तो चालक ने थाना प्रभारी की कॉलर पकड़ ली और अन्य पुलिस कर्मियों से हाथापाई की। मामले में शासकीय कार्य में बाधा डालने का प्रकरण दर्ज किया गया है। चालक एमपीईबी विभाग का अधीक्षण यंत्री होना सामने आया।**

चिमनगंज थाना पुलिस द्वारा रात 11.30 बजे दरगाह मंडी चौराहा के आगे वाहनों की चैकिंग की जा रही थी। उसी दौरान कार क्रमांक एमपी 09 टीबी 5835 के चालक ने चेकिंग टीम में शामिल आरक्षक हरिचरण तोमर को टक्कर मारकर भागने का प्रयास किया पुलिस ने कार को घेराबंदी कर रोका और चालक को बाहर आने के लिए कहा। उसने बाहर आते ही थाना प्रभारी गजेंद्र पचोरिया की कॉलर पकड़कर झूमाझटकी की। बीच बचाव के लिए आरक्षक सुरेन्द्र ताम्रे और सैनिक चंदन आया तो उनके साथ भी हाथापाई करने लगा। बमुश्किल कार चालक को काबू में किया और हिरासत में लेकर थाने लाया गया। जहां पूछताछ करने पर उसने अपना नाम देवीसिंह पिता कालूसिंह निवासी श्रीविशाला बताया। वह ज्योतिनगर एमपीईबी कार्यालय में अधीक्षण अभियंत्री होना बता रहा था। पुलिस ने मामले में उसके खिलाफ आरक्षक हरिचरण तोमर की शिकायत पर शासकीय कार्य में बाधा डालने का प्रकरण दर्ज किया। बिजली विभाग के अधिकारी के खिलाफ मामला दर्ज होने की खबर लगते ही रविवार दोपहर को बिजली विभाग के कर्मचारियों ने आईजी कार्यालय पहुंचकर थाना प्रभारी के खिलाफ नारेबाजी की और निलंबित करने की मांग करने लगे। आईजी कार्यालय पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्रदर्शन करने वालों की बात को सुना और मामले की जांच का आश्वासन दिया।

### शादी के 8 माह बाद तलाक से आहत युवक ने खाया जहर

उज्जैन। 8 माह पहले हुई युवक की शादी तीन दिन पहले टूट गई। समाजजनों ने तलाक की प्रक्रिया कराई। बीती शाम युवक ने जहर खा लिया। परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे जहां उपचार के दौरान रात में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। राजीवनगर आगर रोड पर रहने वाला राकेश पिता महेश मालवीय 19 वर्ष मक्सी रोड स्थित टाइल्स फैक्टरी में काम करता था। 8 माह पहले उसकी शादी मल्लापुरा कायथा में रहने वाली पूजा से हुई थी। 8 माह का वैवाहिक जीवन विवाद भरा रहा जिसके चलते दोनों के बीच सामाजिक स्तर पर तीन दिन पहले तलाक हो गया। शनिवार शाम राकेश एक बच्चे के साथ आगर रोड स्थित शराब दुकान पहुंचा और जहरीला पदार्थ खा लिया। बच्चे ने हालत बिगड़ती देख परिजनों को सूचना दी। परिवार के लोग आगर रोड पहुंचे और राकेश को उपचार के लिए अस्पताल लाया गया। जहां उपचार के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई। अस्पताल स्टॉफ ने शव पोस्टमार्टम कक्ष में रख चिमनगंज थाना पुलिस को सूचना दी। रविवार सुबह पोस्टमार्टम कराया गया है। पिता का कहना था कि राकेश का तीन दिन पहले तलाक हुआ था जिसके चलते वह तनाव में आ गया था। संभवत: इसी के चलते उसने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने जांच के बाद आत्महत्या की वजह स्पष्ट होने की बात कही है।

# पुलिस ने निकाली हेलमेट वाहन रैली



**उज्जैन।** हेलमेट को लेकर पुलिस द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सड़क दुर्घटनाओं के दौरान अधिकांश जान जाने के मामले सिर में चोट लगने से होना सामने आ रहे हैं। जागरूकता अभियान में रविवार को एक बार फिर पुलिस ने हेलमेट रैली निकाली। उनके हाथों में सर सलाम, सब सलामत लिखा स्लोगन का पोस्टर था। देवास रोड स्थित पुलिस लाइन से रविवार सुबह बाइक पर हेलमेट लगाकर दर्जनों पुलिसकर्मी रैली के रूप में निकले। एएसपी नितेश भार्गव ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एक बाइक पर दो पुलिसकर्मी सवार थे जिन्होंने हेलमेट लगा रखा था। उनके हाथों में स्लोगन लिखा पोस्टर सर सलाम सब सलामत, हेलमेट पहने, यातायात पुलिस उज्जैन था। पुलिस लाइन से शुरू हुई रैली नए शहर के मार्गों से गुजरते हुए टॉवर चौक पहुंचकर समाप्त हुई। पुलिस ने हेलमेट का संदेश देते हुए लोगों को सुरक्षित रहने की अपील भी की। पुलिस ने हेलमेट के प्रति जागरूकता को लेकर समय-समय पर अभियान चलाया है। यही नहीं कुछ महीनों पहले वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दुर्घटना स्थल के ब्लेक पाइंटों को भी चिन्हित किया था और वहां लाइट व्यवस्था के साथ ही स्पीड ब्रेकर और संकेतक चिन्ह लगवाए थे।

# मप्र सेवानिवृत्त अधिकारी एवं कर्मचारी संघ जिला उज्जैन की हुई बैठक



**उज्जैन।** मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ उज्जैन कार्यालय पर सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारी पेंशनर महासंघ मध्य प्रदेश के अध्यक्ष मदनमोहन तिवारी, महामंत्री सुरेश चंद्र बादल की उपस्थिति में जिला उज्जैन के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता नरेश त्यागी जिला अध्यक्ष उज्जैन ने की। जिसमें प्रांत की कार्य योजना एवं आगामी कार्यक्रमों पर विचार विमर्श किया गया है। जिसमें प्रदेश कर्मचारियों शिक्षको को 35 वर्ष सेवा पूर्ण होने पर उसी समय से चतुर्थ क्रमोन्नति आदेश। पेंशनर कार्यालय जिला एवं संभाग स्तर पर ही रखने के लिए प्रांत मुख्य मंत्री एवं मुख्य सचिव से सम्पर्क करें। बैठक में श्रीमान रमेश चंद्र शर्मा पूर्व अध्यक्ष मध्यप्रदेश कर्मचारी कल्याण समिति ने भी मार्गदर्शन प्रदान किया।। बैठक में संचालन जिला सचिव सुंदर लाल सोनी ने एवं आभार सीताराम परमार ने माना बैठक में अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। यह जानकारी डॉ प्रभु चौधरी जन सम्पर्क सचिव मध्य प्रदेश अधिकारी एवं कर्मचारी संघ उज्जैन ने दी।

# 6 .3 डिग्री सेल्सियस गिरा तापमान, बारिश से बढ़ी ठिठुरन

## आज भी बदला रह सकता है मौसम का मिजाज

**उज्जैन। बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में कम दबाव का क्षेत्र बनने से प्रदेश का मौसम पूरी तरह से बदल गया है। शनिवार को हुई बारिश के बाद रविवार का दिन भी रुक-रुक कर बारिश होती रही जिसके चलते 24 घंटे में ही अधिकतम तापमान 6.3 डिग्री सेल्सियस कम हो गया। बारिश के चलते ठिठुरन बढ़ गई है।**

शनिवार को आसमान में बादल छा गए थे दोपहर बाद हुई बारिश के साथ 8 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा शुरू हो गई थी। मौसम विभाग ने रविवार को भी बारिश का पलट जारी किया था जो तड़के सही साबित हुआ सूर्य उदय के पहले तक बारिश होती रही उसके बाद कुछ देर के लिए सिलसिला थम गया। दोपहर में हल्की बूंदाबांदी के बाद एक बार फिर तेज बारिश हुई और 6 से 8 किलोमीटर की रफ्तार से चली हवा की वजह से ठंड महसूस होने लगी। शासकीय जीवाजीराव वेधशाला पर तापमान 25.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो शनिवार को 32.3 डिग्री सेल्सियस था। 24 घंटे में दिन का तापमान 6.3 डिग्री सेल्सियस कम हुआ है। इससे पहले शनिवार रविवार रात को न्यूनतम तापमान में भी दो डिग्री की गिरावट दर्ज की गई थी। मौसम विभाग ने सोमवार को भी बारिश की संभावना व्यक्त की है। 28 अक्टूबर बाद ही मौसम साफ होने की उम्मीद जताई जा रही है।

### दिन में रेनकोट, शाम को गर्म कपड़े

शनिवार और रविवार को दिन में हुई बारिश के चलते शहरवासी रेनकोट और छाते में दिखाई दे रहे थे। वहीं रविवार को न्यूनतम तापमान में आई गिरावट के बाद शाम ढलते ही लोग गर्म कपड़े पहने दिखाई देने लगे। माना जा रहा है कि मावठे की इस बारिश के साथ ठंड का आगाज हो चुका है। वैसे शरद पूर्णिमा के बाद गुलाबी ठंड की शुरुआत हो जाती है। लेकिन इस बार मौसम कुछ और ही दिखाई दे रहा था तापमान 32 से 34 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ था। जिसके चलते उमस और गर्मी महसूस हो रही थी। मौसम में आए बदलाव के बाद 2 दिन से उमस और गर्मी से पूरी तरह राहत मिल चुकी है।

### जिले में 3.9 मिमी वर्षा

उज्जैन। कलेक्टर कार्यालय भूअभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटे में उज्जैन जिले में औसत 3.9 मिमी वर्षा दर्ज हुई। इसमें उज्जैन तहसील में 7.0 मिमी, बड़नगर में 22.0 मिमी, और तराना में 4.0 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। 01 जून 2025 से आज दिनांक तक 868.3 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

**बाबा की सवारी** — सोमवार को शाम 4 बजे शुरू होगी, घोड़े, सशस्त्र जवान, भजन मंडलियां शामिल रहेंगी

# कार्तिक में भगवान महाकाल की पहली सवारी आज, मंदिर का निजी बैंड भी निकलेगा

नवभारत न्यूज

**उज्जैन। कार्तिक मास में भगवान महाकाल की पहली सवारी आज सोमवार को नगर में निकलेगी। सवारी शाम 4 बजे मंदिर में पूजन के बाद शुरू होगी। भगवान महाकाल चांदी की पालकी में मनमहेश रूप में भक्तों को दर्शन देंगे।**

सवारी में पहली बार मंदिर का निजी बैंड भी शामिल होगा, जो श्रद्धालुओं के बीच मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगा। सवारी में का पुलिस बैंड, घुड़सवार दल, सशस्त्र बल और भजन मंडलियां पूर्व की तरह ही शामिल होंगी। सवारी मार्ग पर कई जगह परंपरा अनुसार श्रद्धालु भगवान महाकाल का पूजन करेंगे।



इस बार कार्तिक मास में कुल 3 सवारियां निकलेगी। पहली सवारी निकलने के बाद दूसरी सवारी 3 नवंबर को आएगी। इसी दिन रात में हरिहर मिलन की सवारी भी निकलेगी। इसके बाद दो सवारी और आएगी वह अगहन मास की रहेगी।

**यह रहेगा कार्तिक सवारी का रूट गणगौर दरवाजे से निकलेगी**-सवारी महाकाल मंदिर से गुदरी, कहारवाड़ी से शिप्रा तट पहुंचेगी। इसके बाद गणगौर दरवाजा, कार्तिक चौक, ढाबा रोड, टंकी चौराहा, छत्री चौक, गोपाल मंदिर, पटनी बाजार होकर पुन: महाकाल मंदिर लौटेगी।



### पुजारी प्रतिनिधि ने गड़बड़ी की तो आजीवन प्रतिबंध की मांग करेंगे

महाकाल में हुए विवाद के मामले में समिति ने प्रतिबंध की कार्रवाई को नाथ संप्रदाय ने स्वीकारते हुए प्रशासन का आभार व्यक्त किया। नाथ संप्रदाय ने रविवार को आंदोलन स्थगित कर दिए। महंत श्री महावीर नाथ जी महाराज से महाकाल मंदिर के पुजारी प्रतिनिधि महेश शर्मा ने अनावश्यक विवाद किया था। इसे लेकर देशभर में नाथ संप्रदाय से जुड़े हजारों साधु-संतों ने नाराजगी जताते हुए पुजारी प्रतिनिधि महेश शर्मा पर सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर महाकाल मंदिर में धुनी रमाने व धरना देने की घोषणा की थी। लेकिन प्रशासन ने इसके पहले ही कार्रवाई कर दी। नाथ संप्रदाय के उज्जैन में प्रमुख एवं भर्तृहरि गुफा के पीठाधीश्वर योगी पीर महंत श्री रामनाथ जी महाराज ने रविवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि हम प्रशासन का अभार व्यक्त करते हैं।

### 21 ब्राह्मण अभिषेक करेंगे, बैंड देंगे प्रस्तुति

अंगारेश्वर महादेव मंदिर में मंगलवार को अन्नकूट महोत्सव मनाया जाएगा। शासकीय पुजारी मनीष उपाध्याय के आचार्यत्व में 21 ब्राह्मणों द्वारा अभिषेक-पूजन किया जाएगा। दोपहर बा राजसी श्रृंगार होगा एवं शाम 5 बजे ढोल-ढमाकों के साथ महाआरती की जाएगी। पुजारी रोहित उपाध्याय ने बताया श्रद्धालु सुबह 7 से दोपहर 1 बजे तक ही भात पूजन कर सकेंगे। शाम को अतिशीबाज़ी होगी। बड़नगर का प्रसिद्ध प्रकाश बैंड मंदिर परिसर में भजनों की प्रस्तुति देगा।